दिनांकः

# समझें और लिखें


दिवस *126


## विस्तारित रूप लिखें


| | संख्या | | विस्तारित रूप |
|---|---|---|---|
| 1. | 156 | = | 100 + 50 + 6 |
| 2. | 133 | = | ___ + ___ + ___ |
| 3. | 168 | = | ___ ++___ ___ |
| 4. | 107 | = | ___ ++___ ___ |
| 5. | 111 | = | ___ ++___ ___ |


## गोल किये गये अंकों का स्थानीय मान लिखें

| संख्या | स्थानीय मान |
|---|---|
| 1⑤3 | 50 |
| 1⑥9 | |
| 1 5⑤ | |
| 1⑦8 | |
| 1 5⑦ | |




शिक्षण–निर्देश – **(1)** विषय-समझ : स्थानीय मान (बोर्ड पर) – दिवस 92 के अनुसार कराएँ, संख्याएँ 158, 152, 134, 123, में।
**(2)** समूह–कार्य : क्रियाकलाप– 14 देखें।

© PSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q  गणित

दिनांकः

## समझें और लिखें

दिवस *127

### विस्तारित रूप लिखें

| | संख्या | विस्तारित रूप |
|---|---|---|
| 1. | 177 = | ___ + ___+ ___ |
| 2. | 153 = | ___ ++___ ___ |
| 3. | 176 = | ___ ++___ ___ |
| 4. | 165 = | ___ ++___ ___ |
| 5. | 108 = | ___ ++___ ___ |

### गोल किये गये संख्या का स्थानीय मान लिखें

| संख्या | स्थानीय मान |
|---|---|
| 1 7⑥ | 60 |
| 1⑥8 | |
| ①7 5 | |
| 1⑤8 | |
| 1 6⑦ | |

171

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

163

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

104

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

180

___ सैकड़ा ___ दहाई ___ इकाई

शिक्षण-निर्देश - **(1)** विषय-समझ : स्थानीय मान (बोर्ड पर) - दिवस 92 के अनुसार कराएँ, उदा.: 162, 155, 126, 170, में।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 14 देखें।


© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED

## क्रम में छूटी संख्याओं को लिखें





| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 135 | | 137 | | 139 | | | 142 | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 150 | | 152 | 153 | | 155 | 156 | | 158 |






## पहले, बाद एवं बीच की संख्या लिखें




## समझें और लिखें




शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : स्थानीय मान (बोर्ड पर) - दिवस 92 के अनुसार कराएँ, उदा.: 173, 177, 105, 160, में।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 14 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q

गणित

दिनांक:

दिवस *129

## घेरे में (○) = > या, < का चिह्न भरें

| | | |
|---|---|---|
| 159 ( ) 151<br>अन्तर ____ | 163 ( ) 158<br>अन्तर ____ | 165 ( ) 170<br>अन्तर ____ |
| 163 ( ) 152<br>अन्तर ____ | 155 ( ) 155<br>अन्तर ____ | 169 ( ) 174<br>अन्तर ____ |
| 164 ( ) 164<br>अन्तर ____ | 159 ( ) 168<br>अन्तर ____ | 163 ( ) 153<br>अन्तर ____ |

## चिह्न समझकर घेरे में (○) में एक सही संख्या लिखें

| | | |
|---|---|---|
| ( ) < 166 | 154 < ( ) | ( ) = 170 |
| 155 > ( ) | ( ) < 152 | 157 < ( ) |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : छोटी–बड़ी संख्याएँ तथा अन्तर (बोर्ड पर)– 166 तथा 154 में, दोनों संख्याओं को बोर्ड पर लिखकर उनमें इकाई–दहाई–सैकड़ा पूछ लें। बच्चों से पूछें कि दोनों संख्याओं में कौन छोटी संख्या तथा कौन बड़ी संख्या है। फिर उन्हें बताएँ कि इसके लिए दोनों संख्याओं में पहले सैकड़ा–सैकड़ा में, फिर दहाई–दहाई में, फिर इकाई–इकाई में तुलना करते है। जिस संख्या में सैकड़ा ज्यादा होती है वह बड़ी संख्या तथा जिसमें सैकड़ा कम होती है वह छोटी संख्या। दोनों संख्याओं के सैकड़ा समान होने पर दहाई में, दहाई समान होने पर इकाई में तुलना करते है। अन्तर जानने के लिए पूछें, फिर बच्चों को बताएँ कि इसके लिए छोटी संख्या से आगे की गिनती करते हुए बड़ी संख्या तक जाते हैं। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 15 देखें



© BSTBPC WEB COPY .NOT TO BE PUBLISHED

## घेरे में (◯) = >या, < का चिह्न भरें

| | | |
|---|---|---|
| 175 ◯ 169<br>अन्तर ____ | 159 ◯ 172<br>अन्तर ____ | 174 ◯ 155<br>अन्तर ____ |
| 158 ◯ 165<br>अन्तर ____ | 171 ◯ 171<br>अन्तर ____ | 166 ◯ 173<br>अन्तर ____ |
| 169 ◯ 177<br>अन्तर ____ | 179 ◯ 170<br>अन्तर ____ | 180 ◯ 180<br>अन्तर ____ |

## चिह्न समझकर घेरे में (◯) में एक सही संख्या लिखें

| | | |
|---|---|---|
| ◯ < 180 | 172 < ◯ | ◯ = 175 |
| 174 > ◯ | ◯ > 176 | 177 < ◯ |

शिक्षण–निर्देश – **(1)** विषय-समझ : छोटी–बड़ी संख्याएँ तथा अन्तर (बोर्ड पर)– दिवस 129 के अनुसार कराएँ, उदा.(1) 172, 176 में, उदा.(2) 148, 157 में। **(2)** समूह–कार्य : क्रियाकलाप– 15 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q

गणित

दिनांकः

दिवस*131

## सबसे छोटी संख्या पर ◯ तथा सबसे बड़ी संख्या पर ☐ बनाएँ

151 155 165 161 152

167 154 170 157 172

169 178 159 153 162

158 152 179 160 163

## संकेत समझकर संख्याओं को सही क्रम में लिखें

154 166 151 170

बढ़ते क्रम ↑

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

160 180 150 160

घटते क्रम ↓

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

169 173 150 177

घटते क्रम ↓

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

158 176 167 161

बढ़ते क्रम ↑

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : सबसे छोटी-सबसे बड़ी संख्या तथा बढ़ता/ घटता क्रम (चार संख्याओं में, बोर्ड पर)-(उदा. 152, 148, 167, 140 में) चारों संख्याओं को बोर्ड पर लिखकर इसमें बारी-बारी सैकड़ा-दहाई-इकाई पर चर्चा करें। सैकड़ा-सैकड़ा, दहाई-दहाई तथा इकाई-इकाई में तुलना करके (पहले सैकड़ा, फिर दहाई, फिर इकाई में) सबसे छोटी-सबसे बड़ी संख्या पता करें। सबसे छोटी संख्या पर गोल तथा सबसे बड़ी संख्या पर बॉक्स/ चौकोर बनाएँ। अब बढ़ता/ घटता क्रम का संकेत (↑ , ↓) बताते हुए चार बॉक्स बोर्ड पर बनाएँ। क्रम के अनुसार तथा बच्चों के साथ चर्चा करते हुए बॉक्स में सही संख्या लिखें (हमेशा बाएँ से दाएँ)। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 16 देखें।



© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE REPUBLISHED


कक्षा–Q

गणित

दिनांक:

## सही संख्या घेरे (○) में लिखें

दिवस*132




## संख्याओं को बढ़ते/घटते क्रम में लिखें

161 158 165

घटता क्रम ↓ ☐ ☐ ☐

175 107 177

बढ़ता क्रम ↑ ☐ ☐ ☐

## समझें तथा लिखें

| 70 | 91 | 88 |
|---|---|---|
| ___ दहाई ___इकाई | ___ दहाई ___इकाई | ___ दहाई ___इकाई |
| ☐ ☐ | ☐ ☐ | ☐ ☐ |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : सबसे छोटी-सबसे बड़ी संख्या तथा बढ़ता/ घटता क्रम (चार संख्याओं में, बोर्ड पर) –दिवस 131 के अनुसार कराएँ (उदा.: 163, 171, 158, 176 में)। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 16 देखें।

© BSTBPC WEB COPY .NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q | गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस- 133

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

| | |
|---|---|
| (1) रानी के पास 53 आम तथा राधा के पास 38 आम हैं, तो दोनों के पास कुल मिलाकर कितने आम हैं ? | 53<br>+ 38<br>91 |
| (2) एक कमरे में 98 बच्चे थे। यदि उनमें से 59 बच्चे बाहर खेलने गए, तो बताएँ अब उस कमरे में कितने बच्चे हैं ? | |
| (3) चंदन के पास 49 कलमें है तथा मोना ने उसे 46 कलमें और दीं, अब चंदन के पास कुल कितनी कलमें हैं ? | |
| (4) पूजा ने एक डब्बे में से पहले दिन 50 आमें निकाली और दूसरे दिन 30 आम निकाले अब डब्बे में 2 आम बच गए, तो बताएँ डब्बे में पहले दिन कुल कितने आम थे ? | |
| (5) एक रेलवे स्टेशन पर 97 यात्री हैं। एक ट्रेन आई और 69 यात्री उसमें सवार हो गए तो अब उस स्टेशन पर कितने यात्री बचे? | |

### घेरे में (◯) सही चिह्न (< , > या =) भरें

| | | |
|---|---|---|
| 173 ◯ 169 | 165 ◯ 178 | 164 ◯ 164 |
| अन्तर _____ | अन्तर _____ | अन्तर _____ |

**शिक्षण-निर्देश** – **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (जोड़/घटाव, बोर्ड पर) – सबसे पहले एक इबारती प्रश्न बोर्ड पर बोलते हुए लिखें, जैसे– एक कक्षा में सुबह के समय 76 बच्चे थे। दोपहर के समय में 18 बच्चे और आ गए तो बताएँ, कक्षा में कुल कितने बच्चे होंगे। अब अभ्यास पुस्तिका में आज के दिन दिये गये प्रारूप को बोर्ड पर बनाकर दोनों संख्याओं की इकाई को इकाई के नीचे तथा दहाई को दहाई के नीचे लिखकर हल करें। बच्चों को बताएँ कि पहले इकाई फिर दहाई को जोड़ते हैं। 6 इकाई तथा 8 इकाई कुल 14 इकाई, इसे 1 दहाई तथा 4 इकाई में बदल लें। इसमें से 4 इकाई को इकाई के नीचे तथा 1 दहाई को हासिल के रूप में ऊपर लिखते हैं। अब 7 दहाई 1 दहाई तथा हासिल का 1 दहाई कुल 9 दहाई। दिवस 106/107 के अनुसार कराएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 17 देखें।

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *134

| | |
|---|---|
| (1) एक पुस्तक की कीमत 50 रुपये हैं और एक कलम की कीमत 25 रुपये हैं तो रामू को एक पुस्तक और एक कलम के लिए दुकानदार को कितने रुपये देने होंगे? | |
| (2) मोनी के पास 56 मोतियाँ थी, उनमें से उसने 38 मोतियों की माला बना दी। अब, उसके पास कितने मोती बचे? | |
| (3) एक तालाब में 88 मछलियाँ हैं, उन्हें 2 लोगों में बराबर–बराबर बाँटना है तो प्रत्येक को कितनी मछलियाँ मिलेगी ? | |
| (4) रमेश के पास 48 गोटियाँ थी उनमें से 25 गोटियाँ खो गयी। अब, रमो के पास कुल कितनी गोटियाँ बची ? | |
| (5) चांदनी ने 32 आम तथा 25 आम अलग–अलग दुकानदार से खरीदी। अब, उसके पास कुल कितने आम है ? | |

## समझें और करें

| 156 | 162 | 151 |
|---|---|---|
| बढ़ते क्रम ↑ | | |

| 170 | 150 | 180 |
|---|---|---|
| घटते क्रम ↓ | | |

| 173 | 155 | 178 |
|---|---|---|
| बढ़ते क्रम ↑ | | |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (जोड़/घटाव) – कुछ उदा.लेते हुएदिवस 133 के अनुसार कराएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप–17 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE REPUBLISHED

कक्षा–Q

गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *135

© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED

| | |
|---|---|
| (1) एक पैकेट में 3 बिस्कुट हैं, तो ऐसे 4 पैकेटों में कुल कितने बिस्कुट होंगे ? | 3 × 4 = 12 |
| (2) एक घर में 7 बच्चे हैं। प्रत्येक ने 2 मिठाइयाँ खायी, तो सब ने मिलकर कुल कितनी मिठाइयाँ खायी ? | |
| (3) 80 किताबों को 8 बैगों में बराबर–बराबर रखना है, तो एक बैग में कितनी किताबें रखनी चाहिए? | |
| (4) एक गाय के 4 पैर हैं, तो 6, गायों के कुल कितने पैर होंगे? | |
| (5) एक बस में 24 यात्री सफर कर सकते हैं, तो ऐसी 3 बसों में कुल कितने यात्री सफर कर सकते हैं? | |

घेरे में (◯)में सही चिह्न (< , > भरें या =)

| | | |
|---|---|---|
| 166 ◯ 177 | 162 ◯ 162 | 180 ◯ 174 |
| अन्तर ____ | अन्तर ____ | अन्तर ____ |

शिक्षण-निर्देश– **(1)** विषय-समझ : इबारती सवाल (भाग) – 24 गेदों को 4 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटने पर प्रत्येक बच्चे को कितनी गेदें मिलेंगी। इस उदाहरण को बोर्ड पर लिखकर बच्चों के साथ चर्चा करते हुए हल करें। समय रहने पर इसी तरह के भाग के कोई अन्य उदाहरण लेकर बच्चों को समझाएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप–17 देखें।

कक्षा–Q गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *136

| | |
|---|---|
| (1) सुमित के पास 12 चॉकलेटें हैं, इन्हें 3 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटना है। प्रत्येक बच्चे को कितने चॉकलेट मिलेंगे ? | |
| (2) रोहन के पास 44 मोती थे। उसने इन मोतियों को 4 लोगों में बराबर–बराबर बाँट दिया तो प्रत्येक के पास कितने मोती होंगे? | |
| (3) एक खरगोश 10 दिनों में 70 गाजर खाता है। यदि वह रोज बराबर–बराबर गाजर खाये तो एक दिन में कितना गाजर खाता है ? | |
| (4) कंचन के पास 25 किताबें हैं। वह उन्हें अपने 5 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटती है, तो प्रत्येक दोस्त को कितनी किताबें मिलेंगी ? | |
| (5) कृष्णा के पास 80 लड्डू हैं। वह उन्हें अपने 10 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटना चाहता है तो प्रत्येक दोस्त को कितने लड्डू देगा? | |

## समझें और करें

158 179 172

घटता क्रम ↓ ☐ ☐ ☐

153 166 159

बढ़ता क्रम ↑ ☐ ☐ ☐

© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ **:** इबारती सवाल (भाग) – भाग का कोई अन्य उदाहरण लेकर दिवस 135 के अनुसार हल करें।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 17 देखें।

कक्षा–Q | गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *137



100 पैसे = 1 रुपया

### हल करें

(1) 500 पैसे = .............रुपये

(2) 300 पैसे = .............रुपये

(3) 200 पैसे = .............रुपये


(4) 700 पैसे = .............रुपये

(1) आपने कितने–कितने रुपये के सिक्के और नोट देखें हैं ?

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : मुद्रा (रुपये एवं पैसों के बीच सम्बन्ध) – बच्चों से पूछें कि आपने कौन–कौन से मूल्य के सिक्के देखें है। उन्हें पहले चलनेवाले कुछ सिक्कों, जैसे– 10 पैसे, 20 पैसे, 25 पैसे इत्यादि के बारे में बताएँ। फिर, उन्हें 10 पैसे, 20 पैसे, 25 पैसे का संबंध 1 रुपये के साथ बताएँ– 10 पैसे के 10 सिक्के 1 रुपया के बराबर होते हैं, 20 पैसे के 5 सिक्के 1 रुपया के बराबर होते हैं, 25 पैसे के 4 सिक्के 1 रुपया के बराबर होते हैं। यहाँ बच्चों को ये भी समझाएँ कि 100 पैसे = 1 रुपया । बच्चों से 200 पैसे, 500 पैसे, 300 पैसे, 600 पैसे इत्यादि बराबर कितने रुपये होंगे, यह पूछें। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 18 देखें।

© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED

## समझें और करें



## जोड़ी बनाएँ



**शिक्षण-निर्देश – (1) विषय-समझ :**मुद्रा (एक दी गयी राशि को विभिन्न तरीकों से बनाना) – आज के दिवस शिक्षक बच्चों को बताएँ कि एक दिये गए मूल्य के रुपये को अलग–अलग तरह से प्राप्त किया जा सकता है। उदा : 10 रुपये के लिए हम एक 10 का नोट ले सकते हैं या दो 5–5 का नोट या पाँच 2 के सिक्के। इस तरह के कुछ और उदाहरण बोर्ड पर लिखकर बच्चों के साथ चर्चा करते हुए समझाएँ।

**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 18 देखें।

कक्षा–Q गणित

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *139




चित्र देखकर जवाब दें।

प्र न– मोहन खिलौनों की दुकान पर गया। दुकानदार ने बताया हरएक लाल खिलौना 15 रुपये, हरा 25 रुपये और पीला 20 रुपये का है। उसने 1 लाल और 1 हरा खिलौना लिया। बताएँ उसने कितने रुपये का खिलौना खरीदा ?

उत्तर– ______

कुल कितने रुपये

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) |  | = 15 | रुपये |
| (2) |  | = | रुपये |
| (3) |  | = | रुपये |
| (4) |  | = | रुपये |
| (5) |  | = | रुपये |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ :मुद्रा (रुपये जोड़ना) – विभिन्न मूल्य के रुपये/सिक्कों को जोड़कर एक नई राशि बोर्ड पर बनाएँ। उदा : 10 के दो नोटों को जोड़ने पर 20 रुपये होते हैं। इसी तरह के 2–3 उदाहरण बोर्ड पर लिखकर समझाएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 18 देखें।

दिनांकः

## समझें और करें

दिवस *140

| | |
|---|---|
| (1) मीनू को 10 रुपये बनाने के लिए 2 रुपये के कितने सिक्के चाहिए? | |
| (2) यदि एक चॉकलेट का मूल्य 4 रुपये है तो गीता को 5 चॉकलेट खरीदने में कितने रुपये लगेंगे? | |
| (3) मीना के पास 2 रुपये के पाँच और 20 रुपये का 1 नोट है, तो उसके पास कुल कितने रुपये हैं? | |
| (4) आपने दुकानदार से 30 रुपये का सामान लिया और उसे 50 रुपये दिए तो दुकानदार आपको कितने रुपये वापस करेगा ? | |
| (5) आपके पास 20 रुपये का एक नोट है और आपकी बहन के पास 10 रुपये के कुछ नोट हैं तो आप 20 रुपये के बदले उससे कितने 10 रुपये के कितने नोट लेंगे? | |

## समझें और करें

| | |
|---|---|
| 1 रुपये बराबर कितने 25 पैसे | 10 रुपये बराबर कितने 1 रूपये |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : मुद्रा (इबारती सवाल) – कुछ इबारती सवाल लेते हुए दो–तीन बार बोलकर बोर्ड पर लिखें फिर रुपये को जोड़ने की समझ दें।(उदा. इरफान अपने घर से 50 रू. लेकर स्कूल गया था। उसने 15 रु. राहुल, 5 रु. नीलू एवं 10 रु. सोहन को दिये, तो अब इरफान के पास कुल कितने रुपये होंगे ?) **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 18 देखें।


© BSTBPC WEB COPY :NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q गणित


दिनांकः

# कौन भारी – कौन हल्का


दिवस - 141




लीची..............है।



आम..............है।



हाथी..............है।



कुत्ता..............है।



गेंद..............है।



बल्ला..............है।





ताला..............है।



चाबी..............है।

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : वजन (हल्का-भारी) – विभिन्न वस्तुओं (गिट्टी ,पत्थर ,किताब ,पेंसिल ,चॉक ,डस्टर ,कलम, इत्यादि) का उपयोग करते हुए हल्का-भारी की समझ विकसित करें। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 19 देखें।

© BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED WEB COPY

दिनांकः

## नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखिए

दिवस *142







## चलिए, अब करके देखते हैं कौन भारी और कौन हल्का है

किताब और पेंसिल में कौन भारी ? →

बैंगन और मिर्च में कौन हल्का ? →

बैग और कलम में कौन भारी ? →

गेंद और फूल में कौन हल्का ? →

ताला और चाबी में कौन भारी ? →


शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : वजन (हल्का–भारी) – दिवस 141 के अनुसार कराएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 19 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED


कक्षा-Q गणित

दिनांकः दिवस *143

नीचे दिए गए चित्रों को देखकर खाली बॉक्स में (अधिक/बराबर/कम) ा ब्द भरिए



सेब का भार लीची से..........है



दोनों आम का भार.........है



अंगूर का भार ताला से..........है



मीना तथा सोनू का भार मोनू से......है



ताला का भार चाबी से......है।

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : वजन (साधारण तुला की जरूरत एवं तुलना) – एक साधारण तुला बनाएँ (कुट, धागा, टहनी की मदद से) जिसके दोनों पलड़ें एक तल **(level)** में हो। बच्चों को समझाएँ कि इसकी सहायता से वस्तुओं के वजन की तुलना हम आसानी से कर सकते है। इसके लिए साधारण तुला के दोनों पलड़ों पर एक–एक वस्तु रखते है। तुला का जो पलड़ा झुक जाता है उसपर रखी वस्तु का वजन दूसरे पलड़े पर रखी वस्तु के वजन से अधिक होगा। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 20 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE REPUBLISHED


कक्षा–Q


गणित


दिनांकः


## जोड़ी लगाइए


दिवस (*144














= 100 gm


= 200 gm


=1 kg


= 500 gm

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : वजन (साधारण तुला एवं बाटों की मदद से वजन मापना) – बच्चों से विभिन्न बाटों/बटखारा के बारे में चर्चा करें जैसे– 1kg, 500gm, 200 gm, 100 gm , 50 gm इत्यादि। बच्चों को बताएँ कि साधारण तुला एवं बाटों की मदद से हम वस्तुओं के वजन माप सकते है। उदा : हमें 1 kg सेब लेना है तो हम पहले तराजू के एक ओर 1 kg का भार रखेंगे फिर दूसरी ओर सेब डालते जाएँगे। जब तराजू के दोनों पलड़े एक तल में हो जायेगा तो इसका मतलब 1 kg सेब हो गया। इसी तरह के 1–2 और उदाहरण लेकर बच्चों को समझाएँ। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 20 देखें।

कक्षा–Q | गणित

दिनांकः | धारिता | दिवस *145

इन पात्रों को ध्यान से देखिए


मटका/घड़ा


जग



कप


कटोरा


मग


बाल्टी



बोतल


गिलास


कटोरी


केतली

## सही चित्र पर √ का चिह्न लगाइए

| | |
|---|---|
| दूध किसमें ज्यादा आएगा ? |   |
| चाय किसमें ज्यादा आएगी ? |   |
| पानी किसमें ज्यादा आएगा ? |   |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : धारिता (दो बर्तनों की धारिताओं में तुलना) – बच्चों से चर्चा करें कि पानी, दूध, सरसों का तेल, किरासन तेल इत्यादि तरल वस्तुओं को रखने के लिए आपके घरों में किन–किन वस्तुओं का इस्तेमाल होता है। शिक्षक कुछ और पात्रों का नाम बताएँ। फिर प्रत्येक बच्चे को कोई दो पात्रों, जैसे– बाल्टी व मग, गिलास व कप इत्यादि का नाम बोलकर दें तथा बच्चे से यह पूछें कि किसमें पानी ज्यादा आयेगा। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 21 देखें।



© BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा–Q गणित

दिनांकः

धारिता




दिवस *146

सोहन मग से पानी भर–भर कर बाल्टी में डालता है। सोहन ने काजल से कहा–इस बाल्टी में 10 मग पानी आता है। शिक्षक ने कहा– जितना पानी उस बाल्टी में आता है वह बाल्टी की धारिता है।



बाल्टी की धारिता = 10 मग

## समझें और लिखें

| | |
|---|---|
|  मटका की धारिता = ......... गिलास |  जग की धारिता = ......... कप |
|  जग की धारिता = ......... कटोरी |  बाल्टी की धारिता = ......... मग |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : धारिता (पात्र/बर्त्तन की धारिता) – अभ्यास–पुस्तिका में आज के दिवस में ऊपर दिये गये उदाहरण को देखें व समझें। ब्लैकबोर्ड पर इस उदाहरण को बनाकर बच्चों को बताएँ कि कोई पात्र/बर्त्तन जितना पानी रख सकता है वह उस पात्र/बर्त्तन की धारिता कहलाती है। इस उदाहरण में बाल्टी की धारिता 10 मग है। इसी तरह अन्य उदाहरण लेकर बच्चों को पात्र/बर्त्तन की धारिता की समझ विकसित करें। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप–21 देखें।

© DSTBPC NOT TO BE PUBLISHED WEB COPY











कक्षा-Q

गणित

दिनांकः

## समझें और लिखें

दिवस *147



























| माला | लड़ी | खुले मोती | सै+ | द+ | इ+ | संख्या | संख्या का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  | | | 1 | 8 | 1 | 181 | एक सौ इक्यासी |
|  | | | 1 | 8 | 2 | 182 | |
|  | | | | | | | |
|  | | | | | | | |
|  | | | | | | | |
|  | | | | | | | |
|  | | | | | | | |
|  | | | | | | | |
|  | | | | | | | |
|  | | | | | | | |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : संख्या 181-190 (वस्तु द्वारा) – सैकड़ा, दहाई तथा इकाई का उपयोग करते हुए हर एक संख्या की (i) गिनती, सैकड़ा-दहाई-इकाई पूछते हुए बोर्ड पर लेखन (ii) ठीक पहले तथा ठीक बाद की संख्या (iii) कम तथा ज्यादा(दो-दो संख्याओं में) (iv) बिना क्रम के बोर्ड पर लिखकर पहचान कराना, इन चारो चरणों को लेकर कराएँ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 13 देखें।

दिनांकः

## समझें और लिखें

दिवस *148

| माला | लड़ी | खुले मोती | सै+ | द+ | इ+ | संख्या | संख्या का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  |  | | | | | |
|  |  | | | | | | |

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : संख्या 191–200 (वस्तु द्वारा) – दिवस 147 के अनुसार कराएँ ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप– 13 देखें।

कक्षा-Q गणित

दिनांकः

## समझें और लिखें


दिवस (149


### विस्तारित रूप लिखें


| | संख्या | | विस्तारित रूप |
|---|---|---|---|
| 1. | 183 | = | 100 + 80 + 3 |
| 2. | 177 | = | ___ + ___ + ___ |
| 3. | 198 | = | ___ ++ ___ ___ |
| 4. | 104 | = | ___ ++ ___ ___ |
| 5. | 185 | = | ___ ++ ___ ___ |


### गोल किये गये संख्या का स्थानीय मान लिखें

| संख्या | स्थानीय मान |
|---|---|
| 1⑧1 | 80 |
| 1 8⑦ | |
| 1⑦5 | |
| 1 8⑧ | |
| 1⑥6 | |




शिक्षण-निर्देश- **(1)** विषय-समझ : स्थानीय मान (बोर्ड पर) – दिवस 92 के अनुसार कराएँ, संख्याएँ 186, 164, 188, 182, में।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 14 देखें।

© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

दिनांक:

# समझें और लिखें


दिवस (150


## विस्तारित रूप लिखें


| | संख्या | विस्तारित रूप |
|---|---|---|
| 1. | 195 = | ___ + ___+ ___ |
| 2. | 199 = | ___ ++___ ___ |
| 3. | 150 = | ___ ++___ ___ |
| 4. | 167 = | ___ ++___ ___ |
| 5. | 180 = | ___ ++___ ___ |


## गोल किये गये अंकों का स्थानीय मान लिखें

| संख्या | स्थानीय मान |
|---|---|
| 1 9③ | |
| 1 9⑦ | |
| 1⑦2 | |
| 1 9⑨ | |
| 1⑨5 | |




शिक्षण-निर्देश- **(1)** विषय-समझ : स्थानीय मान (बोर्ड पर) – दिवस 92 के अनुसार कराएँ, संख्याएँ 135, 143, 197, 122, में।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 14 देखें।

© JSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED